फा.सं. ई-11017/01/2022- हिन्दी

भारत सरकार

प्रशिक्षण महानिदेशालय

(राजभाषा अनुभाग)

*******

कौशल भवन, नई दिल्ली-110023

दिनांक: 8 सितम्बर, 2025

## परिपत्र

**विषयः प्रशिक्षण महानिदेशालय में 18 से 30 सितम्बर, 2025 तक "राजभाषा हिन्दी प्रयोग-प्रोत्साहन पखवाड़ा" के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन- तत्संबंधी।**

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से प्रशिक्षण महानिदेशालय में दिनांक 18 से 30 सितंबर, 2025 तक "राजभाषा हिन्दी प्रयोग-प्रोत्साहन पखवाड़ा" मनाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रशिक्षण महानिदेशालय के सभी हिन्दी और हिन्दीतर भाषी नियमित अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिताओं का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया हैः

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता | 18 सितंबर, 2025 (बृहस्पतिवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराहन) |
| 2. | हिन्दी शब्द ज्ञान और वाक्यांश प्रतियोगिता | 19 सितंबर, 2025 (शुक्रवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराहन) |
| 3. | हिन्दी आशुवाक (भाषण) प्रतियोगिता | 22 सितंबर, 2025 (सोमवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराहन) |
| 4. | हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता | 24 सितंबर, 2025 (बुधवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराहन) |
| 5. | हिन्दी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता | 26 सितंबर, 2025 (शुक्रवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराहन) |
| 6. | कंप्यूटर पर टंकण प्रतियोगिता (संविदा पर कार्यरत/नियमित सभी डेटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए) | 29 सितंबर, 2025 (सोमवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराहन) |
| 7. | पत्र लेखन और स्लोगन प्रतियोगिता (केवल एमटीएस के लिए) | 30 सितंबर, 2025 (मंगलवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराहन) |

2. क्रम संख्या **1,2,5 एवं 7 पर उल्लिखित** प्रतियोगिताओं हेतु हिंदीतर भाषा-भाषी प्रतियोगियों **जिनकी मातृभाषा 'ग' क्षेत्र में शामिल राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषाएं हैं,** के लिए प्रश्नोत्तरों के मूल्यांकन में 20% की वरीयता दी जाएगी। आशुवाक (भाषण) प्रतियोगिता में प्रतियोगी स्वयं बॉक्स से एक पर्ची निकालेंगे और उसी विषय पर बोलेंगे, जिसके लिए उन्हें 3 मिनट का समय दिया जाएगा और 2 मिनट का समय पूरा होने पर समय का ध्यान दिलाया जाएगा। इस प्रतियोगिता के प्रतियोगियों का मूल्यांकन उसी समय निर्णायक-मंडल द्वारा किया जाएगा और मौके पर ही परिणाम घोषित किए जाएंगे।

3. उपरोक्त सभी 07 प्रतियोगिताओं के लिए निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किए जाएंगेः-

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रथम पुरस्कार | - | 5000/- रुपए (एक) |
| 2. द्वितीय पुरस्कार | - | 3000/- रुपए (एक) |
| 3. तृतीय पुरस्कार | - | 2000/- रुपए (एक) |
| 4. प्रोत्साहन पुरस्कार | - | 1000/- रुपए (दो) |

**4.** प्रशिक्षण महानिदेशालय के सभी नियमित अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे इन **प्रतियोगिताओं** में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने सरकारी कामकाज में मूल रूप से हिन्दी के **प्रयोग को** बढ़ाने में सहयोग दें। अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे संलग्न प्रोफार्मा में अपना नामांकन हिन्दी अनुभाग को दिनांक 15 सितंबर, 2025 तक अवश्य भिजवा दें ताकि प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी अपेक्षित व्यवस्था की जा सके। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उच्च अधिकारियों के सभी नामांकन उनके प्रधान निजी सचिवों/ निजी सचिवों द्वारा भेजे जा सकते हैं। नामांकन हिन्दी अनुभाग की ई मेल- rajbhasha-section@dgt.gov.in **पर भी भेजे जा सकते** हैं।

5. प्रतियोगिताओं में भाग लेने की कतिपय शर्तें हैं जो **अनुलग्नक** में दी गई हैं।

संलग्नकः यथोक्त।

8/9/2025

**(मनीष झा)**

उप निदेशक (राजभाषा)

सेवा में,

प्रशिक्षण महानिदेशालय के सभी अधिकारियों/अनुभागों को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र के बारे में अपने अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों को अवगत करा दें।

**प्रतिलिपि सूचनार्थः**

1. महानिदेशक (प्रशासन) के प्रधान निजी सचिव।
2. उप महानिदेशक (प्रशासन) के प्रधान निजी सचिव।
3. उप सचिव (प्रशासन) के निजी सचिव।

अनुलग्नक

**"राजभाषा हिन्दी प्रयोग-प्रोत्साहन पखवाड़ा" प्रतियोगिताओं में भाग लेने की कतिपय शर्तें**

1. हिन्दी पखवाड़े की प्रतियोगिताओं में समग्र प्रशिक्षण महानिदेशालय के नियमित अधिकारी/कर्मचारी (क्र.सं. 6 और 7 को छोड़कर) भाग ले सकते हैं।
2. टंकण प्रतियोगिता राजभाषा (हिन्दी) अनुभाग, कौशल भवन, सातवाँ तल में आयोजित की जाएगी।
3. हिंदीतर भाषा-भाषी प्रतियोगियों के लिए प्रश्नोत्तरों के मूल्यांकन में 20% की वरीयता दी जाएगी।
4. प्रतियोगियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकनकर्ता / निर्णायक का निर्णय अंतिम होगा तथा **इस संबंध में किसी भी प्रकार के अभ्यावेदन या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।**
5. अपरिहार्य कारणों से किसी भी प्रतियोगिता की तारीख एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है जिसकी सूचना यथा समय दे दी जाएगी।
6. राजभाषा अनुभाग में कार्यरत/तैनात अधिकारी/कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र नहीं हैं।
7. किसी भी प्रतियोगी को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल आदि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी।

8/9/2025

<u>**प्रोफार्मा**</u>

| | |
|---|---|
| **नाम** | |
| **पदनाम** | |
| **अनुभाग/कार्यालय/प्रकोष्ठ** | |
| **नियमित/संविदा पर** | |
| **मातृभाषा** | |
| **मोबाईल नंबर** | |
| **प्रतियोगिता/प्रतियोगिताओं के नाम, जिसमें/जिनमें भाग लेना है** | **1. ..............................................................**<br>**2. ..............................................................**<br>**3. ...............................................................**<br>**4. ...............................................................**<br>**5. ...............................................................**<br>**6. ...............................................................**<br>**7. ...............................................................** |

**नामः**..........................................................

**हस्ताक्षरः**.....................................................